## मिट्टी के गणेशजी बनाना सिखाया



इन्दौर। छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी स्कूल में मिट्टी से भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा बनाए जाने का प्रशिक्षण शिविर लायंस क्लब ऑफ ईस्ट ने आयोजित किया। शिविर में शामिल 200 से अधिक विद्यार्थियों को उज्जैन की आशा मंत्री ने बहुत ही रोचक एवं मनोरंजक तरीके से सुंदर गणेश प्रतिमा बनाने की कला सिखाई। जिसके चलते विद्यार्थियों द्वारा मात्र 40 मिनिट में गणेश प्रतिमा निर्मित की गई।

इस अवसर पर समिति के देवेन्द्र बाहेती, डॉ मनोहर दास सोमानी, शैलेष सोड़ानी, दिनेश कासट, निलेश सारड़ा, प्रतिभा कानूनगो सहित डॉ. मनोहरदास सोमानी, किरण लखोटिया, आरती मेहता, नवनीत राठी, गोविन्द वियानी, प्रकाश माहेश्वरी, उदिता जैन, प्रीति माहेश्वरी, मधुसूदन भलिका उपस्थित रहे।

## मिट्टी के गणेशजी को आकार देते प्रकृति से जुड़ाव का अनोखा अनुभव पाया



इन्दौर। मंगलमय मंत्रोच्चार के साथ स्नैजी एकेडमी संगम नगर में गणेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नमो श्री चेतना महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने कहा कि गणेशोत्सव केवल आस्था का पर्व नहीं, यह प्रकृति से जुड़ने और उसे संरक्षित करने का भी संदेश देता है। उन्होंने स्कूल विद्यार्थियों के लिए ईको-फ्रेंडली गणेश वर्कशॉप का आयोजन भी किया गया। वर्कशॉप में मेडिटेशन एक्सपर्ट रुपाली तनवर और तरुण साहू ने न केवल बच्चों को मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण दिया, बल्कि उन्हें ध्यान की अद्भुत अनुभूति भी कराई। बच्चों ने मिट्टी को आकार देते समय मन को शांति और प्रकृति से जुड़ाव का अनोखा अनुभव पाया।

## हातोद में अहिल्या उत्सव का आयोजन....



हातोद ( संजय डागा ) लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई अतिथीसत्यनारायण आजाद ने इस अवसर पर कहा कि अहिल्या बाई न्याय, धर्म,करुणा एवं त्याग की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगन थी। अहिल्या उत्सव समिति अध्यक्ष नरेंद्र बापट ने कहा कि अहिल्याबाई एक आदर्श प्रशासक के रूप में जानी जाती थी पूरे भारतवर्ष में उन्होंने धार्मिक स्थलों,मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं, कुओं, तालाबों का निर्माण कराया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यनारायण मंडलोई ने की जनशिक्षक गिरीश तेजवानी ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सत्यनारायण मंडलोई का अतिथियों ने माला पहना कर सम्मान करते हुए कहा कि पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हातोद को गर्व पूर्वक जिले का लाइट हाउस पीएम विद्यालय चयनित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वर्षा बाकलीवाल ने किया शिक्षक गण श्री मति कविता जैन, सीताराम परमार, सुनील जोशी, राधेश्याम यादव, श्रीमती मीना राव, श्रीमती सुनीता दसौंधी, श्रीमती सुरभि वैष्णव मौजूद थे।

## अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



इंदौर। मां अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की टीम ने राजवाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर संगठन के सक्रिय सदस्य रीना पुरोहित, जितेंद्र तोमर, अनुराग शर्मा, कुंती लोवशी, सुषमा जाधव सहित समस्त टीम उपस्थित रही। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया ने कहा कि मां अहिल्याबाई होल्कर सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि इंदौर की शान हैं। उन्होंने समाज को समर्पण, न्याय और प्रगति की राह दिखाई और उनकी दी हुई धरोहर आज भी हमें प्रेरित करती है।

## संतोष सिंह ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए



इंदौर। डीएचएल इंफ्राबुल्स समूह के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह ने आचार्य शान्तनु महाराज के साथ अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। राम मंदिर में दर्शन पूजन के साथ देश की खुशहाली व समृद्धि की कामना कीम रामलला के दर्शन के बाद डीएचएल इंफ्राबुल्स समूह के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह बोले- प्रभु श्रीराम के दर्शन मिलना जीवन का बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा यही कामना है कि भगवान राम सब पर कृपा करे।

# सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया स्थापना का एक दशक

इंदौर। महिला शक्ति के संगठित प्रयास का अद्भुत उदाहरण—'सखी बहिनपा मैथिलानी समूह' ने अपनी स्थापना की 10वीं वर्षगांठ को सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ यादगार बना दिया।

इंदौर इकाई की प्रमुख ऋतु झा, संगठन मंत्री शारदा झा, सुषमा झा, कविता झा, श्वेता मिश्रा सहित अन्य सक्रिय सदस्याओं ने बताया कि यह अवसर समूह की एक दशक की निरंतर सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण यात्रा का प्रतीक रहा।

स्थापना दिवस की शुरुआत बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के केंद्र से हुई। यहाँ समूह की सदस्याओं ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपनी यात्रा को उनके बीच साझा किया। बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट चित्र बनाने वाले संस्था के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल बैग, ड्राइंग बुक, रंगीन पेंसिल, स्केच बुक व अन्य शैक्षिक सामग्री उपहार स्वरूप दी गई। पर्यावरण संगरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए समूह की मैथिलानी महिलाओं द्वारा संस्था के परिसर वृक्षारोपण किये गए।

शाम को वृंदावन होटल में आयोजित भव्य समारोह ने कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया। गणेश वंदना की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से शुरुआत



हुई, जिसे समूह की एक सदस्य की बेटी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद महिलाओं और उनके बच्चों द्वारा गीत, नृत्य, कविता-पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लास से भर दिया।

स्थापना दिवस समारोह पर अपनी अनुभव साझा करते हुए सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की इंदौर इकाई प्रमुख ऋतू झा ने कहा - हमारी यह दस साल की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि महिलाएँ संगठित होकर समाज में गहरी छाप छोड़ सकती हैं। यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। सामूहिक संकल्प और सहयोग से समाज में बदलाव की ठोस पहल की जा सकती है।

संगठन मंत्री शारदा झा ने कहा कि मानसिक विकलांगता केंद्र के बच्चों के साथ समय बिताना हम सबके लिए सबसे भावुक पल रहा। उनकी मुस्कान ही हमारे काम की असली सफलता है।

समूह की सदस्य सुषमा झा ने कहा -यह समूह हमारी दूसरी पहचान बन चुका है। हर कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति से जोड़ता है और बच्चों को हमारी परंपरा से अवगत कराता है। कविता झा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि स्थापना दिवस पर बच्चों व महिलाओं की प्रतिभा देखकर लगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी मैथिल संस्कृति की मशाल थामे आगे बढ़ रही हैं। वहीं समूह की एक अन्य सदस्य श्वेता मिश्रा ने कहा कि हमने तय किया है कि आने वाले सालों में समूह के माध्यम से शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए और बड़े स्तर पर काम करेंगे।

# गीत संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति के साथ स्टूडेंट काउंसिल गठित

इंदौर। सिका कॉलेज का फाउंडेशन दिवस, गीत संगीत एवं नृत्य की सुमधुर प्रस्तुति एवं स्टूडेंट काउंसिल के गठन के साथ मनाया गया। कॉलेज ऑडिटोरियम में दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्वागत नृत्य की प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो गए। सिका कॉलेज की फैकल्टी एवं स्टाफ ने दक्षिण भारतीय परिधान के साथ तमिल भाषा में सिका गान प्रस्तुत किया।

प्राचार्य डॉक्टर गुंजन शुक्ला ने गत 12 साल की उपलब्धियों का जिक्र किया। सिका एजुकेशन



ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ आर श्रीधर ने डीएवीवी में टॉपर स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी स्टूडेंट इसी परफोर्मेंस को बनाए रखें। उन्होंने कॉलेज की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवीवीं के डायरेक्टर अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए वे कल्चरल और स्पोर्ट्स एक्टिविटी में जरूर भाग लें।

सिका कॉलेज के भूतपूर्व अध्यक्ष एसबीएस अय्यर ने मोटिवेशनल वक्तव्य में विद्यार्थियों से कहा कि रोजगार की कमी नहीं है, लेकिन रोजगार की आवश्यकताओं के अनुसार आपको तैयार होने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से जड़ता तोड़ने और देश के विकास में आगे आने का आह्वान किया। फाउंडेशन डे के अवसर पर अतिथि के रूप में ट्रस्टी गिरिधर एवं सेक्रेट्री टू ट्रस्ट सुरेश अय्यर, एसोसिएशन मेंबर अनुराधा, सिका एजुकेशन ट्रस्ट की सेक्रेटरी दिव्या साईराम, एसएमसी मेंबर प्रसन्ना वेंकटेश अय्यर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में 2024 25 के सत्र में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सीपीबीएफआई और एनएसएस शिविर में सहभागी विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नए सत्र के लिए स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया।

कार्यक्रम में 2024 25 के सत्र में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सीपीबीएफआई और एनएसएस शिविर में सहभागी विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नए सत्र के लिए स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन किया प्रो प्रतिभा सारस्वत ने।

## फॉरेस्ट मड हिल रन 7.0 - एडवेंचरस फन रन का रोमांच 7 सितम्बर को



इंदौर। फिटनेस और एडवेंचर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित फॉरेस्ट मड हिल रन 7.0 का आयोजन इस वर्ष रविवार, 7 सितम्बर 2025 को सुबह 7:00 बजे किया जा रहा है। नंदी हिल रिज़ॉर्ट, अमन, चमन टेकरी, छोटा बेटमा में होने वाला यह आयोजन रोमांच, फिटनेस और मस्ती का अनोखा संगम पेश करेगा।

सुश्री आरती माहेश्वरी ने बताया कि इस रन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है। यह इवेंट हर वर्ष लोगों को प्रकृति के बीच एडवेंचर और फिटनेस का नया अनुभव प्रदान करता है।

10 वर्ष से 60 वर्ष तक की उम्र के प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और लंच उपलब्ध कराया जाएगा। ऑनलाइन के साथ ग्रुप और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2025 है। सुश्री आरती माहेश्वरी ने आगे कहा, फॉरेस्ट मड हिल रन केवल स्पोर्ट्स इवेंट नहीं है, बल्कि यह प्रकृति की गोद में दोस्ती, फिटनेस और एडवेंचर का आनंद लेने का सुनहरा अवसर है। परिवार, मित्र और फिटनेस उत्साहित सभी लोगों को इसमें भाग लेना चाहिए।

## नवांकुर स्वैच्छिक संगठन पलिया सेक्टर में चलाया अभियान



इंदौर। छोटी खजरानी महिला एवं बाल कल्याण समिति ने नवांकुर समिति के रूप में महिलाओं को पौधारोपण का महत्व एवं उसके संरक्षण का कैसे ध्यान रखा जाए और उन्हें बच्चे जैसा पालकर बड़ा किया जावे इसके विषय में विस्तार से कृष्ण सोलंकी एवं मीना त्रिवेदी ने ग्राम मगरखेड़ा में बताया हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान नर्मदा अंचल ग्रामीण विकास सेवा समिति द्वारा मेरा युवा भारत इंदौर के सहयोग से चलाया जा रहा है जानकारी प्रांस्पोटन समिति के सदस्यों के साथ त्रिवेणी का रोपण किया और चारों तरफ बाली एवं साड़ियां बांधकर पौधों की सुरक्षा के विषय में प्रेरित किया सत्यनारायण मालवीय एवं ऋषि मेहरा समर्पित शिक्षा संस्थान ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रदेश को हरा भरा बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील संतोष परमार ने कहा कि मैं त्रिवेणी की हमेशा रक्षा करूंगा उपस्थित सदस्यों ने भी एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने की अपील की।

# इनरव्हील क्लब ऑफ़ इंदौर अपटाउन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर। वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ़ इंदौर अपटाउन ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दिन राज शांति वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को मंदिर घुमाने का निर्णय लिया हमारे साथ द एमराल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए

सबसे पहले, हम सब वृद्धाश्रम पहुंचे इसके बाद, एमराल्ड के



बच्चों ने रामायण पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों के अभिनय और प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वृद्धजनों ने बड़े ध्यान से इस नाटक का आनंद लिया और बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। फिर हम वृद्धजनों को खजराना मंदिर में ले गए वहाँ जाकर उनकों सभी भगवान ज़ी के दर्शन करवाये वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और अपने मन की शांति प्राप्त की।


दर्शन के बाद, हमने सभी वृद्धजनों ,बच्चों और सभी सखियों के लिए एक रिफ्रेशमेंट का आयोजन किया। सभी ने बड़े चाव से रिफ्रेशमेंट किया और एक दूसरे के साथ बातचीत करते हुए आनंद लिया।

कार्यक्रम के अंत में, हमने सभी वृद्धजनों को उनके आश्रम में सुरक्षित पहुंचाया और उनका आभार सचिव डॉ आराधना सहाय ने व्यक्त किया। अध्यक्ष अनिता सेठ ने बताया इस दिन के अनुभव ने हमें यह सिखाया कि वृद्धजनों के साथ समय बिताना और उनकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है।वहाँ क्लब की 10 सदस्याएँ मौजूद थीं।

# चापेकर साहब की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

इंदौर। उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इंदौर एवं अरविंदो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ अभिभाषक श्री जी.एम. चापेकर साहब की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर आज दिनांक 23.08.2025 शनिवार को उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया 7 स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर साहब द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अरविंदो हॉस्पिटल के अध्यक्ष व डायरेक्टर डॉ विनोद भंडारी जी एवं डॉ महक भंडारी जी उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहे, जिन्होंने इस शिविर में की जाने वाली जांचों के संबंध में



न्यायमूर्ति श्री अभ्यंकर साहब एवं उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ इंदौर के सदस्यों को अवगत कराया उपरोक्त शिविर में (USG, ECG, RBS, CBC, MAMMOGRAPHY, CALPOSCOPY, BIOPSY, LIPID PROFILE, HbAvC, BONE DENSITY, SERUM CREATININE, wD ECHO, PAP SMEAR TEST, EYE SCREENING, REFRACTION TESTING, CONTRACT & GLAUCOMA, DIABETIC RETINOPATHY) की गई जिसमे की उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ के सदस्य व उनके परिवारजन उच्च न्यायालय रजिस्ट्री के कर्मचारी व उनके परिवारजन उपस्थित रहे इसके साथ ही हाई कोर्ट के सुरक्षा कर्मियों द्वारा उपरोक्त शिविर में स्वास्थ्य लाभ लिया गया अध्यक्षीय उदभोषण श्री रितेश ईनाणी जी द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव श्री लोकेश मेहता द्वारा किया गया।

उपरोक्त शिविर वरिष्ठ अभिभाषक श्री जी.एम. चापेकर साहब की स्मृति में श्रीमती मीना चापेकर जी के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ की समस्त कार्यकारिणी वरिष्ठ अभिभाषक श्री अमर सिंह जी, श्री जी.एस.काले साहब, श्री प्रसन्ना भटनागर जी ,श्री पियूष श्रीवास्तव जी, श्री अभिनव धनोत्करजी विशेष रूप से उपस्थित रहे आभार प्रदर्शन कार्यकारिणी द्वारा किया गया।

## संस्कृति को जीवंत रखने के लिए सांस्कृतिक आयोजन



इंदौर। प्राचीन काल के अभिलेख और धार्मिक स्थलों के शिलालेखों से पता चलता है कि संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में लोकगीत लोक नृत्य वाद्य यंत्र लघु नाटक और लोक कथाओं का बड़ा महत्व बताया गया है आज हम पारिवारिक और सामाजिक परिवेश में जो लोकगीतों के माध्यम से संदेश दिए जा रहे थे विलुप्त हो रहे हैं हमें चाहिए की पुराने संग्रहों से पुनः प्रचलन में लाकर हमारी लोक संस्कृति लोक विधा का अनुसरण कर समाज में आदर्श प्रस्तुत करें। यह विचार वरिष्ठ लोक गायक अजय बुंदेला ने नर्मदा अंचल ग्रामीण विकास सेवा समिति एवं समर्पित शिक्षा एवं समाज उत्थान समिति के संयुक्त प्रयोजन में आयोजित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यक्त किया। जानकारी संस्था के सचिव सत्यनारायण मालवीय ने देते हुए हमारे पारंपरिक त्योहारों पर इन पर अमल करने पर कहा ऋषि मेहरा ने कहा कि जहां तक संभव हो हमें अपने परिवार के बुजुर्गों से इन विधाओं के बारे में जरूर जानकारी सजा कर आने वाली पीढ़ी और वर्तमान को प्रेरित करने का प्रयास करें। संस्कृति कार्यक्रम में मदन बडोनिया सुरेश ठेकेदार प्रकाश सेठी रामलाल चौहान कलम सिंह बामनिया सर और एकलव्य युवा मंडल राजेश सरवरिया लोककला मंडल की सराहनीय एक पेड़ मां के नाम सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।